डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस–विज्ञप्ति

साहित्य अकादेमी द्वारा अंबेडकर जयंती पर बहुभाषी कवि सम्मिलन का आयोजन

नई दिल्ली, 14 अप्रैल 2019। साहित्य अकादेमी में आज डॉ. बी.आर. अंबेडकर की 128वीं जन्मजयंती के अवसर पर बहुभाषी कवि सम्मिलन का आयोजन किया गया। सम्मिलन में छह भारतीय भाषाओं के 10 कवियों ने कविता पाठ किया। कार्यक्रम के आरंभ में साहित्य अकादेमी के सचिव, डॉ. के. श्रीनिवासराव ने सभी आमंत्रित कवियों का स्वागत पुस्तकें भेंट कर किया। उन्होंने अपने स्वागत भाषण में कहा कि डॉ. अंबेडकर ने शिक्षा के माध्यम से लोगों को जागृत कर एक समतावादी समाज की कल्पना की और उसको साकार करने की दिशा में अंत तक लगे रहे। उन्होंने अकादेमी द्वारा दलित साहित्य केंद्रित विभिन्न आयोजनों की जानकारी देते हुए बताया कि अकादेमी हाशिये के स्वरों को निरंतर मंच प्रदान करती रहती है।

कविता पाठ के पहले सत्र में सुकृति सिकदर (बाङ्ला), हरीश मंगलम (गुजराती), मलखान सिंह, अनीता भारती (हिंदी) एवं प्रतिभा अहिरे (मराठी) ने अपनी कविताएँ प्रस्तुत कीं। कविता पाठ के दूसरे सत्र में कांबले महादेव गोरख (मराठी), गुरमीत कल्लार माजरी (पंजाबी), अनबाधवन (तमिळ) एवं रजत रानी मीनू तथा महेंद्र बेनीवाल (हिंदी) ने अपनी कविताएँ प्रस्तुत कीं।

सभी कवियों ने अपनी एक रचना मूल भाषा में प्रस्तुत की और अन्य कविताएँ हिंदी अथवा अंग्रेजी में प्रस्तुत कीं। कविताएँ मुख्यतः स्त्रियों की दुर्दशा और समाज में जातिगत उत्पीड़न पर केंद्रित थी। कुछ कविताएँ डॉ. अंबेडकर के व्यक्तित्व पर भी प्रस्तुत की गईं।

कार्यक्रम का संचालन साहित्य अकादेमी की पत्रिका 'समकालीन भारतीय साहित्य' के अतिथि संपादक ब्रजेंद्र त्रिपाठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में छात्र–छात्राएँ एवं दलित लेखक एवं चिंतक उपस्थित थे।

के. श्रीनिवासराव

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in